भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1005
दिनांक 18 सितंबर, 2020 को उत्तर के लिए

भारतीय पोषण कृषि कोष

1005. श्रीमती गीताबेन वी॰ राठवाः
श्री जॉन बर्लाः
श्री नायब सिंह सैनीः

क्या महिला और बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा हाल ही में शुरू किए गए भारतीय पोषण कृषि कोष (बीपीकेके) के अंतर्गत पोषण सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) उक्त योजना के अंतर्गत प्रदान किए गए पोषण के स्रोत क्या हैं;
(ग) उक्त योजना के अंतर्गत किन श्रेणियों और आयु समूहों को शामिल किया गया है;
(घ) उक्त योजना के अंतर्गत शामिल किए गए क्षेत्रों और उक्त क्षेत्रों के आधारों का ब्यौरा क्या है; और
(ङ) उक्त योजना के अंतर्गत अब तक हरियाणा में किए गए कार्य का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी महिला एवं बाल विकास मंत्री

(क) से (ड.) : भारतीय पोषण कृषि कोष(बीपीकेके) सभी जिलों में भारत की फसल विविधता-चालू और ऐतिहासिक दोनों फसलों, के बारे में जानकारी वाला वेब पोर्टल है। इसका उद्देश्य परंपरागत और स्थानीय रूप से उपलब्ध पोषण से भरपूर फसलों के उत्पादन के लिए अपेक्षित डाटा सूचित कृषि पारिस्थितिक संदर्भ प्रदान करना है। बीपीकेके भारत के सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में जिला स्तर पर उगाई जाने वाली सभी प्रमुख खाद्य फसलों, सब्जियों और फलों का पोषण मान सूचित करेगा। यह सूचना सभी आयु समूहों के लिए काफी उपयोगी होने का लक्ष्य है। इसमें क्षेत्रीय वरीयताओं के आधार पर गर्भवती महिलाओं के लिए आहार चार्टों पर विशेष ध्यान दिया गया है। नोडल मंत्रालयों/विभागों के परामर्श से डाटा का संग्रह किया गया है। पोर्टल में हरियाणा सहित सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों से संबंधित जानकारी है।

*****